छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा प्रथम सत्र अंक-03

रायपुर, बुधवार, दिनांक 8 जनवरी, 2014

(पौष-18, शक संवत 1935)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई ।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1.माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव के संबंध में श्री देवजी पटेल, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की ।

2.पृच्छा

श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के संबंध में टिप्पणी किए जाने पर मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने आपत्तिजनक शब्दों को कार्यवाही से विलोपित करने हेतु कहा। मान. अध्यक्ष ने कहा कि वे कार्यवाही देखकर विलोपन के संबंध में निर्णय लेंगे।

श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, राजस्व मंत्री द्वारा कांग्रेस पार्टी के संबंध में असंसदीय शब्द कहे जाने पर श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य ने असंसदीय शब्दों को विलोपित किए जाने की मांग की।

पक्ष प्रतिपक्ष द्वारा परस्पर विरोधी नारे लगाए गए।

नेता प्रतिपक्ष श्री टी.एस.सिंहदेव द्वारा कांग्रेस पार्टी के संबंध में जो बातें कही गई हैं उसे विलोपित करने का आग्रह किया गया माननीय अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि - कार्यवाही देखने के बाद जो भी विलोपित करने लायक विषय होंगे उनको विलोपित कर दिया जायेगा ।

3.माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा(क्रमशः)

श्री देवजी भाई पटेल ।

4. अध्यक्षीय व्यवस्था

मान.सदस्य मैंने कार्यवाही का अवलोकन किया - मान.सदस्य श्री सत्यनारायण शर्मा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के संबंध में की गई टिप्पणी व पश्चात् मान.मंत्री श्री राजेश मूणत, मान.श्री सत्यनारायण शर्मा व मान. श्री भूपेश बघेल की चर्चा को कार्यवाही से विलोपित कर दिया है। अब ये सभा की कार्यवाही का हिस्सा नहीं है।

मान.मंत्री श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा कहा असंसदीय शब्द भी विलोपित।

मान.सदस्य श्री सत्यनारायण शर्मा द्वारा कहा शब्द "शर्म" भी विलोपित कर दिया गया है। मान.सदस्यों से अनुरोध है कि चर्चा में पालनीय नियमों का कृपया ध्यान रखें।

5.माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा(क्रमशः)

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर निम्नलिखित सदस्यों के संशोधन प्रस्तुत हुए :-

सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, खेलसाय सिंह, भूपेश बघेल, धनेन्द्र साहू, गुरूमुख सिंह होरा, उईके रामदयाल, अमरजीत भगत, जयसिंह अग्रवाल, अरूण वोरा, सियाराम कौशिक, भोलाराम साहू, संतराम नेताम, मोहन मरकाम, दिलीप लहरिया, अमित अजीत जोगी, उमेश पटेल, बृहस्पत सिंह, (डॉ) प्रीतम राम, लालजीत सिंह राठिया, श्याम लाल कंवर, चुन्नी लाल साहू, जनकराम वर्मा, भैयाराम सिन्हा, श्रीमती अनिला भेंडिया, श्री राजेन्द्र कुमार राय, श्री गिरवर जंघेल, श्रीमती देवती कर्मा, सर्वश्री बघेल लखेश्वर, दीपक बैज एवं शंकर ध्रुवा।

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत ज्ञापन प्रस्ताव व संशोधनों पर एक साथ चर्चा होगी।

6. कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

माननीय अध्यक्ष ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक मंगलवार, दिनांक 7 जनवरी, 2014 की निम्नांकित सिफारिशों से सदन को अवगत कराया :-

समिति द्वारा निम्नलिखित वित्तीय कार्य हेतु समय निर्धारित किया गया :-

वित्तीय कार्य		**समय**
1. वर्ष 2013-2014 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान की अनुदान मांगों पर चर्चा, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, विचार एवं पारण.	-	03 घंटे

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान सत्र में सभा की बैठकें सोमवार, दिनांक 3 फरवरी, 2014 से प्रारंभ होकर बुधवार, दिनांक 26 फरवरी, 2014 तक रखी जायेंगी तथा अवकाश दिवस शनिवार, दिनांक 8 फरवरी, 2014 को भी सभा की बैठक होगी।

श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि सदन कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

7.माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा(क्रमशः)

सर्वश्री भूपेश बघेल, शिवरतन शर्मा (जारी)

(1.30 से 3.00 बजे तक अंतराल)

(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए ।)

श्री सत्यनारायण शर्मा,

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री दयाल दास बघेल, केशव चन्द्रा,

(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए ।)

श्री उईके रामदयाल, श्रीमती सरोजनी बंजारे, सर्वश्री लालजीत सिंह राठिया, श्रीचंद सुंदरानी, मोहन मरकाम, रोशनलाल, कवासी लखमा,

(माननीय सभापति ने सदन की सहमति से सभा के समय में सायं 6.30 बजे तक की वृद्धि की घोषणा की।)

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)

सर्वश्री नवीन मारकण्डेय, राजमहंत सांवला राम डाहरे, दीपक बैज, अवधेश सिंह चंदेल,

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से माननीय सदस्य का भाषण पूर्ण होने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की।)

सायं 6.35 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनाँक 9 जनवरी, 2014 (पौष 19, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

देवेन्द्र वर्मा

प्रमुख सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा